प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

शेखावत

केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश को सशक्त व विकसित बनाने के लिए केंद्र सरकार हर संभव सहयोग दे रही है। शिमला में आज एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का बजट सभी वर्गों के सत्त विकास का बजट है जिसमें नागरिकों के क्षमता विकास को केंद्र सरकार ने कर्त्तव्य के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य और सत्त विकास का बजट पेश किया है जिसमें देश के सभी वर्गों और क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सभी राज्यों को वित्तीय अनुशासन का पालन करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों द्वारा वित्तीय अनुशासन न अपनाए जाने से इन राज्यों पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है।

शेखावत–2

इस बीच केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रबुद्धजन संगोष्ठी में भी शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बढ़ी संख्या में प्रश्न लिए और सभी का विस्तार से उत्तर दिया। केंद्रीय बजट को लेकर उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट रोजगार सृजन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर सबसे अधिक केंद्रित है। उन्होंने कहा कि ये बजट समावेशी विकास, रोजगार विस्तार और आर्थिक स्थिरता को मजबूत करेगा।

आरडीजी

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजस्व घाटा अनुदान बंद होने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। शिमला में आज मंत्रिमंडल की बैठक और वित्त विभाग की प्रैजेंटेशन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस निर्णय के खिलाफ प्रदेश सरकार अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को भी इस मुद्दे पर राजनीति छोड़कर प्रधानमंत्री के समक्ष हिमाचल के हितों की पैरवी करने की आवश्यकता है।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट को विकसित भारत 2047 के विराट दृष्टिकोण का जीता जागता प्रमाण बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में केंद्रीय बजट के सार्थक और दूरगामी परिणाम सामने आएंगे जिससे आम लोगों का जीवन और

बेहतर होगा। सिकंदर कुमार ने कहा कि इस बजट के माध्यम से भारत अपने विकसित और आत्मनिर्भर के संकल्प को पूरा करने में निश्चित रूप से सफल होगा।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार झूठे वायदों और आर्थिक कुप्रबंधन के कारण पूरी तरह विफल साबित हुई है। धर्मशाला में आज प्रत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी गारंटियां पूरा करने के बजाए सरकार अब जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। बिंदल ने ये भी आरोप लगाया कि 40 हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेने के बावजूद प्रदेश में विकास कार्य ठप्प हैं।

————————————